12

अपोलो कॉलेज, अंजोरा, दुर्ग (छ०ग०)
IQAC

## बैठक क्रमांक (3)

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक अपोलो महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में दिनांक 06.04.2016 दिन बुधवार प्रातः 11:30 बजे से आयोजित की गई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

| क्रमांक | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ० अनघा आगाशे | प्राचार्या, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग (छ०ग०) | Angha (Principal, Apollo College, Durg) |
| 2. | श्री के० श्रीनु | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, अपोलो महाविद्यालय, | [signature] |
| 3. | श्रीमती निधी अग्रवाल | सहायक प्राध्यापक, अपोलो महाविद्यालय, | Nidhi 06-04-16 |
| 4. | श्रीमती मंजू साहू | सहायक प्राध्यापक, अपोलो महाविद्यालय, | [signature] |
| 5. | डॉ० श्वेता भाटिया | सह सहायक प्राध्यापक, अपोलो महाविद्यालय, | [signature] |
| 6. | श्रीमती शीतल वर्मा | सहायक प्राध्यापक, अपोलो महाविद्यालय, | [signature] |
| 7. | श्रीमती बी० पॉल | प्राचार्या, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला थनौद, दुर्ग (छ०ग०) | [signature] Principal L.L. Sharma Govt.H.S.S. Th... Durg (C.G.) |
| 8. | डॉ० मनीष जैन | प्रबंधक, अपोलो महाविद्यालय | [signature] |

अपोलो कॉलेज, अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.)
IQAC

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | विजय मानिकपुरी | एम०एड० छात्र, अपोलो महाविद्यालय, | विजयकुमार |
| 10. | श्रीमती दिव्या साहू | एम० एड० छात्रा, अपोलो महाविद्यालय, | Divya |
| 11. | नेहा साहू | बी०एड० छात्रा, अपोलो महाविद्यालय, | नेहासाहू |
| 12. | पल्लवी सिंह | भूतपूर्व छात्रा, | [signature] |
| 13. | श्री संजय अग्रवाल | एम्पलॉयर अपोलो महाविद्यालय. | [signature] |
| 14 | राखी शर्मा | सहायक प्राध्यापक, अपोलो महाविद्यालय, | Rakhi 06/04/2016 |

सर्वप्रथम बैठक में प्राचार्य द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की जानकारी प्रदान की गयी एवं विचार-विमर्श किये जाने के बाद निम्न बिन्दुओं पर निर्णय लिये गये।-

(1) बी०एड० विद्यार्थियों हेतु अतिथि व्याख्यान के आयोजन पर चर्चा की गयी, जिसके लिए सभी सदस्यों ने वृत्तिक निर्देशन से सम्बन्धित व्याख्यान कराए जाने का सुझाव दिया एवं व्याख्यान हेतु स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० हंसा शुक्ला को आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया।

(2) राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन हेतु प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा रिसोर्स पर्सन के नाम सुझाये गये तथा महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा निर्देश दिया गया कि अलग-अलग राज्यों से

कम से कम आठ रिसोर्स पर्सन आमंत्रित किये जाएँ।

(3.) महाविद्यालय से प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली पत्रिका के शीर्षक को परिवर्तित कर आकर्षक रूप प्रदान किया जाए एवं एकत्रित आलेख प्रमाणिक स्तर के होने चाहिए साथ ही सभी विषयों के आलेख क्रमवार जैसे हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, संस्कृत..... के अनुसार व्यवस्थित कर पत्रिका हेतु तैयार किये जाएँ।

(4.) महाविद्यालय में प्राचार्य को धारा 28 के अन्तर्गत नियुक्त करने हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा विषय विशेषज्ञों की सूची महाविद्यालय को प्रेषित की जा चुकी है तथा साक्षात्कार के आयोजन की तिथि विचार-विमर्श के उपरान्त निश्चित की जायेगी।

(5) पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन विद्यार्थियों के दोनों सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम आने के बाद ही किया जाए तथा सभी सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाए।

(6) आगामी एक माह के भीतर बी०एड० एवं एम०एड० के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया जाए, जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण, रक्तचाप तथा वजन मापा जाने का निर्णय लिया गया।

(7) महाविद्यालय की ओर से प्रकाशित की जाने वाली वार्षिक शोध पत्रिका "अपोलो जर्नल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च" हेतु प्राप्त शोध पत्रों की जानकारी प्राचार्य द्वारा ली गयी एवं शोध पत्रिका की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हेतु आँकड़े सहित शोध पत्रों के संकलन पर अधिक जोर दिये जाने चाहिए, का सुझाव प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा दिया गया।

Date
Page

(8) प्राचार्य द्वारा सभी सदस्यों को जानकारी दी गयी कि महाविद्यालय को 2(f) के अन्तर्गत लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, साथ ही शीघ्र अतिशीघ्र इसकी प्रक्रिया पूर्ण करने का आदेश भी दिया गया।

(9) एम॰एड॰ प्रशिक्षार्थी विजय मानिकपुरी द्वारा सुझाव दिया गया कि एम॰एड॰ शोधार्थियों को लघु शोध प्रबंध के प्रस्ताव की रूपरेखा तैयार करना एवं इसमें आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु 'शोध प्रविधि' प्रकरण से सम्बन्धित कार्यशाला का आयोजन किया जाए एवं कार्यशाला में सभी सदस्यों द्वारा रिसोर्स पर्सन के नाम सुझाए गए, जिसमें से विचार-विमर्श के उपरान्त डॉ॰ लिश्मी कोशी, सहायक प्राध्यापक, माउण्ट कार्मेल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वुमेन, कोट्टायम, केरला एवं डॉ॰ पी॰के॰ श्रीवास्तव, फार्मर प्रिंसिपल ऑफ आर्मी, पठानकोट को आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया।

(10) भूतपूर्व छात्रा पल्लवी सिंह द्वारा 'मुस्कान मानसिक विकलांग विद्यालय' तथा 'पुर्नवास केन्द्र' में खेल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किये जाने का सुझाव दिया गया। 5.7.16

(11) अगले सत्र का एकेडमिक कैलेण्डर बनाये जाने का निर्णय लिया गया।
अन्त में अध्यक्ष द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

Ravi 06.07.16
समन्वयक
IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

Anjali
PRINCIPAL
Apollo College
Anjora, Durg

## बैठक क्रमांक - (5)

दिनांक 24.08.2016, दिन-बुधवार, समय - दोपहर 2:00 बजे से प्राचार्य कक्ष में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नांकित सदस्यों की उपस्थिति रही।-

| क्रमांक | नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. अनघा आगाशे | प्राचार्य, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा दुर्ग (छत्तीसगढ़) | |
| 2. | डॉ. मनीष जैन | प्रबंधक, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | |
| 3. | श्री संजय अग्रवाल | एम्पलॉयर अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | |
| 4. | श्रीमती बी. पॉल | प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, थनौद, दुर्ग (छ.ग.) | Principal L.L. Sharma Govt. H.S.S Thanaud, Dist-Durg (C.G) |
| 5. | श्री के. श्रीनु | प्रशासनिक अधिकारी, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | |
| 6. | श्रीमती निधी अग्रवाल | सहायक प्राध्यापक, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | |
| 7. | श्रीमती मंजू साहू | सहायक प्राध्यापक, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | 24.08.16 |
| 8. | श्रीमती शीतल वर्मा | सहायक प्राध्यापक, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | |

अपोलो कॉलेज, अंजोरा, दुर्ग (छ०ग०)
IQAC

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | विजय मानिकपुरी | एम०एड० छात्र, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | [signature] 25.08.16 |
| 10. | श्रीमती दिव्या साहू | एम० एड० छात्रा, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | Divya |
| 11. | नेहा साहू | बी० एड० छात्रा, अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | नेहासाहू |
| 12. | पल्लवी सिंह | भूतपूर्व छात्रा | [signature] |
| 13. | राखी शर्मा | सहायक प्राध्यापक अपोलो महाविद्यालय, अंजोरा | Rakhi 25.08.16 |

बैठक में सभी सदस्यों के विचार-विमर्श के उपरान्त निम्न तथ्यों पर निर्णय लिये गये। –

① प्राचार्य द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की पुष्टि प्रदान की गयी।

② विगत तीन वर्षों से ~~महाविद्यालय~~ महाविद्यालयीन परिसर में नवरात्र में डाँडिया कार्यक्रम का आयोजन करता आ रहा है, अतः इस वर्ष भी "शारदीय नवरात्र उत्सव" का आयोजन किये जाने का निर्णय समस्त सदस्यों द्वारा लिया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा, नृत्य एवं प्रस्तुतीकरण पर महाविद्यालयीन प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किये जाने की जानकारी श्री संजय अग्रवाल जी द्वारा दी गयी। 6·10·16

③ प्राचार्य द्वारा सुझाव दिया गया कि महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन कर हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डालकर

हिन्दी के अधिकाधिक उपयोग किये जाने पर जोर दिया जाना चाहिए, जिस हेतु "महाविद्यालय में बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों एवं एम.एड. शोधार्थियों को हिन्दी से सम्बन्धित शीर्षक दिये जाए जिस पर छात्रों द्वारा हिन्दी में अपने विचार व्यक्त किये जाए। प्राचार्य डॉ. अनघा आगाशे द्वारा समस्त सदस्यों से शीर्षक हेतु सुझाव मांगे जाने पर सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से "मोबाइल बच्चों की शिक्षा में सहायक या बाधक" तथा "क्या आज की शिक्षा प्रणाली आदर्श नागरिक बनाने में सक्षम है?" शीर्षकों का चयन किया गया। 20.9.16

(4) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, थनौद, दुर्ग की प्राचार्य श्रीमती बी. पॉल जी द्वारा महाविद्यालय में 'मतदाता जागरूकता अभियान' कार्यक्रम के आयोजन कराने की बात रखी गयी। जिसके लिए सभी सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये एवं विचार-विमर्श के उपरान्त इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- नारा एवं निबन्ध लेखन तथा वाद-विवाद का आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया।

(5) दुर्ग विश्वविद्यालय के आदेशानुसार अपोलो महाविद्यालय में महाविद्यालयीन स्तर पर छात्रसंघ चुनाव कराये जाने का निर्णय सभी सदस्यों द्वारा लिया गया, जिसके लिए प्राचार्य डॉ. अनघा आगाशे द्वारा श्रीमती मंजू साहू को चुनाव प्रभारी नियुक्त किये जाने का सुझाव दिया गया, जिसे सभी ने एकमत होकर स्वीकृति प्रदान की।

(6) बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों हेतु अतिथि व्याख्यान के आयोजन हेतु प्राध्यापकगणों एवं विद्यार्थियों द्वारा सुझाव दिया गया कि बी.एड. पाठ्यक्रम के नये विषय 'अधिगम के लिए आकलन' पर व्याख्यान देने हेतु विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित किया जाए एवं इस पर विचार-विमर्श के बाद यह तय किया गया कि व्याख्यान हेतु कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई से डॉ. एन. पापा राव जी को आमंत्रित किया जाए।

अपोलो कॉलेज, अंजोरा, दुर्ग (छ०ग०)
IQAC

Date
Page

(7) भूतपूर्व छात्रा पल्लवी सिंह द्वारा सुझाव दिया गया कि अपोलो महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रसंघ के सदस्यों द्वारा ग्राम महमरा के निरक्षर एवं शाला त्यागी ग्राम-वासियों को साक्षरता अभियान के तहत जिला स्तरीय साक्षरता कीट का वितरण किया जाना चाहिए एवं गाँव के निरक्षर एवं शाला त्यागी ग्रामवासियों को महमरा ग्राम के ही ग्रामसेवकों द्वारा शिक्षित किया जाए तथा सम्पूर्ण कार्य-योजना का निरीक्षण महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रसंघ के सदस्यों द्वारा किया जाए। इस सराहनीय योजना की प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों द्वारा प्रशंसा की गयी एवं इस कार्य को संचालित किये जाने हेतु रूपरेखा तैयार कर भूतपूर्व छात्रसंघ के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श कर क्रियान्वित किये जाने का सुझाव दिया गया।

(8) सदस्यों द्वारा सामुदायिक कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम महमरा में 'निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर' लगाये जाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसके लिए सभी सदस्यों द्वारा नेत्र चिकित्सकों के नाम सुझाए गये एवं अन्ततः शिविर हेतु जिला चिकित्सालय के डॉ० शिव कुमारी साहू (नेत्र रोग चिकित्सक), डॉ० वाई० के० यादव (नेत्र सहायक अधिकारी) राजेन्द्र कुमार दीवान (नेत्र सहायक अधिकारी) को आमंत्रित किये जाने की संस्तुति की गयी।

(9) महाविद्यालय में 'विधि साक्षरता शिविर' का आयोजन किया जाए, जिससे महाविद्यालयीन परिवार के समस्त सदस्य कानून सम्बन्धी धाराओं, नियमों की जानकारी के तहत अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकें।

(10) महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र अध्यापकों के लिए वेल्यू एडेड प्रोग्राम आयोजित किये जाने का सुझाव आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक द्वारा दिया गया एवं जिसका विषय फण्डामेंटल कम्प्यूटर रखा जाने का भी सुझाव दिया गया, जिसे सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

1 Sep. – 30 Sep.

(11) आइ०क्यू०ए०सी० समन्वयक द्वारा सुझाव दिया गया कि समाज में व्याप्त विसंगतियाँ जैसे – महिलाओं और बालिकाओं की असुरक्षा, दुर्व्यवहार एवं उत्पीड़न को समाप्त करने हेतु रक्षा टीम द्वारा 'महिला एवं बालिका सुरक्षा जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। जिसके लिए सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से नगर निरीक्षक (टी० आई०) मौतिका पाण्डे जी को आमंत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया। 3.12.16

(12) श्रीमती निधी अग्रवाल ने सुझाव दिया कि महाविद्यालय के प्रांगण में समस्त प्राध्यापकगणों, बी०एड० प्रशिक्षणार्थियों एवं एम०एड० शोधार्थियों द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा, सौंदर्य एवं हरियाली बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए, जिसके लिए फल, फूलदार एवं औषधीय पौधे रोपे जाने के सुझाव पर सभी सदस्यों ने निधी अग्रवाल के एकमत होकर स्वीकृति प्रदान की।

(13) अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाए जाने का सुझाव दिया गया, जिसमें महाविद्यालय की साफ-सफाई एवं यथा स्थान आवश्यकतानुसार कूड़ादान रखा जाना तय किया गया, जिसे सभी सदस्यों ने सहर्ष ही स्वीकृति दी।

(14) पालक शिक्षक संघ प्रभारी राखी शर्मा द्वारा सत्र 2016-17 की पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन नवम्बर माह में किये जाने की बात समस्त सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गयी एवं सुझाव दिया गया कि जो बी०एड० प्रशिक्षणार्थी वार्षिक परिणाम के अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे, उन्हें महाविद्यालयीन प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया जाना चाहिए एवं इनके साथ इन विद्यार्थियों के पालकों को भी महाविद्यालय की ओर से सम्मानित किया जाना चाहिए। दिये गये इस सुझाव पर विचार-विमर्श करने के उपरान्त समस्त सदस्यों द्वारा स्वीकृत किया गया तथा महाविद्यालयीन प्रबंधन ने पालकों द्वारा दिये गये सुझावों को शीघ्र अमल में लाये जाने का आदेश दिया। 16.11.16

अध्यक्ष द्वारा बैठक के अन्त में सभा समाप्ति की घोषणा की गयी।

Rashmi 24.08.16

समन्वयक
रश्मि शर्मा
सहायक प्राध्यापक
अपोलो महाविद्यालय

IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

[signature]
PRINCIPAL
Apollo College
Anjora, Durg

अध्यक्ष
डॉ० अनघा आगाशे
प्राचार्य
अपोलो महाविद्यालय

# APOLLO COLLEGE , ANJORA ,DURG (C.G.)

## INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC )

## Action Taken Report 2016-17

*As per the decisions during the meeting following action are taken for its compliance.*

**Action Taken Report:**

1. Computer based Value added course on MS. Word, Power Point, Excel and page maker was organized on 1st sep. to 30th September 2016. Mr. Khumesahwar Prasad sahu as a resource person.
2. Guest lecture was conducted for B.Ed. student teachers on "Career Guidance" by Dr. Hansa Shukla , principal of Swami Shri Swaroopanand college, Hudco, Bhilai and second lecture was conducted on "Assessment For Learning " was given by Dr. N. Papa Rao , Asst. prof., Kalyan P.G. College , Bhilai Nagar.
3. P.T.A. meeting was organized on 14th Nov.2016.
4. Apollo college was published the annual Magazine in the month of January and college was also published annual Journal "Apollo Journal of Educational Research " in the month of June.
5. Health checkup camp was conducted by Dr. B. S. Bhatiya from M.P. Nursing Home, Durg for student teachers. Blood pressure and Hemoglobin test was done in this camp.
6. Workshop was organized for M.Ed. student teacher on "Research Methodology". Dr. Lissy Koshi, Asst. Prof. of Mount Carmel College of Education For Women, Kottayam, Kerala and Dr. P. K. Shrivastava farmer Principal of Army Institute, Pathankot were resource persons.
7. "Garba" inter departmental competition was organized in the month of Oct.
8. "Free Eye Checkup Camp" was organized in Mahmara by Dr. Shiv Kumar Sahu (Eye Specialist), Dr. Y. K. Yadav (Asst. Eye Officer) and Dr. Rajendra Ku. Diwan (Asst. Eye Officer) from Dist. Hospital, Durg on 3rd Dec. 2016.
9. Law Literacy Day was organized in the college.
10. Hindi Diwas was organized on 20th Sep. 2016.
11. Voter Awareness Programme was organized on 3rd Nov. 2016
12. Girl child & Women safety Awareness programme was organized on 3rd Dec. 2016. Ms. Monika Pandey (T.I. Mahila Thana, Bhilai) & team was taught th how to self-defense themselves.
13. "Sadbhavna" inter college competition was organized for the purpose of friendship with nearby college on 10th & 11th February 2017
14. Student Faculty Exchange Programme between MoU college (Apollo college & Arihant College of Education) was conducted on 15th Feb. to 21st Feb 2017.
15. Cleanliness programme was organized in college campus.
16. Through Apollo Alumni Association District Literacy kit was distributed to the Dropout students & illiterate villagers of Mahamara .
17. Apollo Alumni Association was distributed food & Sport material to Muskan Mental Disable School & rehabilitation Center, Durg.
18. Tree plantation programme was organized at college campus.
19. Academic calendar was successfully executed.

IQAC Coordinator
Apollo College, Anjora
Durg (C.G.)

PRINCIPAL
Apollo College
Anjora, Durg